हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, गुरुवार 22 जनवरी 2026

तापमान
अधिकतम 28.2 डिग्री
न्यूनतम 14.6 डिग्री

14 विहिप का एक ही लक्ष्य हिंदुत्व की स्थापना


14 नागरिकों से संवाद कर नपाध्यक्ष ने सुनी समस्याएं





# शंकराचार्य का अपमान, भाजपा का हिंदू विरोधी चेहरा उजागर: कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों और वरिष्ठ नेताओं ने एक संयुक्त प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए भाजपा सरकार पर सनातन परंपराओं को नष्ट करने का आरोप लगाया है।

कांग्रेस जिला अध्यक्ष द्वारकाधीश यादव, रश्मि चंद्राकर, अमरजीत चावला व अन्य ने कहा कि जो भाजपा खुद को हिंदुओं का रक्षक बताती है, आज उसी के शासन में देश के सर्वोच्च धर्मगुरु, शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को अपमानित किया जा रहा है। शंकराचार्य पिछले 40 वर्षों से निरंतर शाही स्नान करते आ रहे हैं। यह पहली बार है जब किसी सरकार ने इस अखंड धार्मिक परंपरा को रोकने का साहस किया है। कांग्रेस ने सवाल किया कि जो परंपरा मुगलों और अंग्रेजों के समय भी नहीं टूटी, उसे भाजपा सरकार ने क्यों रोका।

## कांग्रेस ने भाजपा सरकार पर सनातन परंपराओं को नष्ट करने का लगाया आरोप

### अपमान का कारण, सच बोलना

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि शंकराचार्य का अपराध केवल इतना है कि वे धर्म के मार्ग पर चलते हुए सरकार की कमियों को उजागर करते हैं। उन्होंने कहा है कि अयोध्या में आधे-अधूरे राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा पर शास्त्रोक्त आपत्ति जताई। कुंभ और माघ मेले की अव्यवस्थाओं पर सवाल उठाए। कोविड काल के दौरान गंगा में तैरती लाशों जैसे संवेदनशील मुद्दों पर सरकार को आईना दिखाया। इसी सत्य से घबराकर भाजपा सरकार सुनियोजित तरीके से उनका अपमान कर रही है।




### कांग्रेस की मांग

कांग्रेस ने स्पष्ट किया कि शंकराचार्य का अपमान पूरे सनातन धर्म और हिंदू समाज का अपमान है। पार्टी ने मांग की है कि सरकार तुरंत अपनी गलती सुधारे, शंकराचार्य से क्षमा मांगे और सनातन परंपराओं का सम्मान सुनिश्चित करे। इस प्रेसवार्ता में जिला अध्यक्ष द्वारकाधीश यादव, पूर्व जिला अध्यक्ष रश्मि चंद्राकर, प्रदेश महामंत्री अमरजीत चावला, पूर्व विधायक विनोद चंद्राकर, दाऊलाल चंद्राकर, कृष्णा चंद्राकर, खिलावन बघेल, गुरमीत चावला, मानिक साहू, भूपेंद्र ठाकुर आदि शामिल रहे।

नेताओं ने आरोप लगाया कि पुलिस और प्रशासन ने शंकराचार्य के समर्थकों और शिष्यों के साथ मारपीट की। शिष्यों को बाल पकड़कर घसीटा गया और शंकराचार्य को उनकी पालकी तक पर बैठने की अनुमति नहीं दी गई।

प्रेस वार्ता में सवाल उठाया गया कि जहां आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत को जेड प्लस सुरक्षा दी जाती है, वहीं देश के शंकराचार्य को अपनी सुरक्षा के लिए डरना पड़ रहा है। क्या मोहन भागवत का कद शंकराचार्य से बड़ा हो गया है। अपमान और अव्यवस्था के विरोध में शंकराचार्य पिछले 36 घंटों से अनशन पर बैठने को मजबूर हैं, लेकिन सरकार का कोई भी प्रतिनिधि उनसे बात करने नहीं पहुंचा। यह सरकार के अहंकारी रवैये को दर्शाता है।

## खबर संक्षेप

### 26 को गणतंत्र दिवस पर शुष्क दिवस घोषित

**महासमुंद**। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा वर्ष 2025-26 के लिए सोमवार 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस पर शुष्क दिवस घोषित किया गया है। शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने 26 जनवरी को जिले के समस्त देशी, विदेशी, कंपोजिट, प्रीमियम मदिरा की फुटकर दुकानों, एफ.एल. 3 सपना बार एंड रेस्टोरेंट तथा देशी मदिरा भंडारण भांडागार महासमुंद को बंद रखने तथा उक्त दिवस में मदिरा का संपूर्ण संव्यवहार प्रतिबंधित करने हेतु आदेशित किया है।

### सूने घर से गहने और नगद रकम की चोरी

**महासमुंद**। बागबाहरा के वार्ड 14 पोटरपारा स्थित एक सूने मकान से गहने और नगदी रकम की चोरी के मामले में थाने में रिपोर्ट दर्ज किया गया है। पुलिस को विकास चंद्राकर ने बताया कि 19 जनवरी को वह ट्रक चलाने के लिए बाहर गया था, वहीं उसकी मां संतोषी चंद्राकर अपने मायके आरंग गई थी। घर में कोई नहीं था। 19 जनवरी की रात लगभग 9 बजे जब वह अपने घर लौटा तो देखा कि घर की खिड़की के ऊपर का झरोखा टूटा हुआ था, घर के अंदर का सामान पूरा बिखरा हुआ और आलमारी खुला था, जिसमें से 01 जोड़ी सोने का झुमका, 04 नग अंगूठी, 01 नग गले का हार, 04 नग चांदी की सांटी एवं 01 नग चांदी का करधन कीमत लगभग 150000 रुपए एवं नगदी रकम 26000 रुपए कुल 176000 रुपए नहीं था, जिसे किसी अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया। रिपोर्ट पर बागबाहरा थाने में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 305(ए), 331(4) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लया गया है।

### महुआ शराब जब्त, एक गिरफ्तार

**महासमुंद**। महुआ शराब का अवैध रूप से परिवहन कर रहे एक व्यक्ति को बसना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति वाहन मोटर सायकल एचएफ डीलक्स में अवैध रूप से देशी हाथ भट्ठी महुआ शराब रखकर सावित्रीपुर से बसना की ओर आने वाला है। इसके बाद पुलिस की टीम को जर्रा मोड़ एक बाइक आती दिखी, जिसे रोककर पूछताछ की गई। जिस पर उसने अपना नाम भागीरथी कोसरिया पिता संपत कोसरिया (35 वर्ष) ग्राम सावित्रीपुर थाना सांकरा जिला महासमुंद होना बताया। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से कुल 20 लीटर देशी हाथ भठ्ठी महुआ शराब कीमत 4000 रुपए बरामद किया गया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### बाइक से शराब परिवहन, दो लोग गिरफ्तार

**महासमुंद**। बाइक से शराब का अवैध परिवहन कर रहे दो लोगों के विरूद्ध सरायपाली थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि एक मोटर सायकल हीरो सुपर स्प्लेंडर क्रमांक सीजी 06 जीई 4943 में दो व्यक्ति अवैध रूप से शराब रखकर सागरपाली की ओर से सरायपाली की ओर जा रहे हैं। इसके बाद पुलिस की टीम नेसरायपाली से सरसींवा जाने वाली रोड ग्राम केंदूढार इमली पेड़ के पास बाइक से आ रहे दो व्यक्तियों को रोका। पूछताछ में मोटर सायकल चालक ने अपना नाम करण अजय पिता जीतेराम अजय (19 साल) झालपाली थाना सरायपाली जिला महासमुंद छग तथा पीछे बैठे व्यक्ति ने अपना नाम दिनेश सिदार पिता फुदू लाल सिदार (19 साल) माधोपाली थाना सरायपाली जिला महासमुंद छग होना बताया। आरोपियों के कब्जे से कुल 50 लीटर महुआ शराब कीमत 10000 रुपए को बरामद किया गया। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।


## मनमानी : भर्ती मरीजों के इलाज में बुनियादी प्रोटोकॉल का भी पालन नहीं

# जिला अस्पताल में लापरवाही की हद, मरीजों की जान से खिलवाड़, अव्यवस्थाओं का अंबार


हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

- मरीजों को छोड़ दिया गया है भगवान भरोसे

जिला अस्पताल, जिसे जिले की स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ माना जाता है, इन दिनों बदहाली और भारी अव्यवस्थाओं के बीच नजर आ रहा है। अस्पताल प्रशासन की लापरवाही का आलम यह है कि यहां भर्ती मरीजों के इलाज में बुनियादी प्रोटोकॉल का भी पालन नहीं किया जा रहा है। स्थिति यह है कि मरीजों को भगवान भरोसे छोड़ दिया गया है। अस्पताल के वार्डों से जो तस्वीरें सामने आ रही हैं, वे विचलित करने वाली हैं। आमतौर पर एक मरीज को बोतल (ड्रिप) या ब्लड चढ़ाने के बाद इस्तेमाल की गई पाइप और सुई को तुरंत हटाकर डिस्पोज कर देना चाहिए। लेकिन जिला अस्पताल में स्थिति इसके उलट है। यहां कई बेड पर देखा गया कि मरीजों को ब्लड चढ़ाने के बाद इस्तेमाल की गई पुरानी पाइपें अभी भी स्टैंड से लटकी हुई हैं। उन्हीं गंदी और पुरानी पाइपों के बीच ही नए मरीजों को ग्लूकोज की बोतलें (बटला) चढ़ाई जा रही हैं। इससे संक्रमण फैलने का खतरा कई गुना बढ़ गया है। स्टाफ की यह सुस्ती किसी बड़े हादसे को दावत दे रही है। अस्पताल के भीतर फैली गंदगी भी एक बड़ी समस्या बनी हुई है। बेड के आसपास पड़े इस्तेमाल किए गए कॉटन, पट्टियां और कचरा संक्रमण को न्योता दे रहे हैं। सफाई कर्मियों की कमी है या वे काम नहीं करना चाहते, यह जांच का विषय है।







### अस्पताल की अव्यवस्था से परिजन परेशान

मरीजों के परिजनों का कहना है कि अस्पताल में कोई सुनने वाला नहीं है। अगर कोई शिकायत लेकर जाता है, तो स्टाफ दुर्व्यवहार करता है। एक परिजन ने नाम न छापने की शर्त पर बताया, स्टैंड पर पुरानी खून वाली पाइप लटकी है, उसे हटाने वाला कोई नहीं। दवा नीचे गिर रही है, पर नर्स कहीं और व्यस्त हैं। जिला अस्पताल की यह तस्वीर सरकारी दावों की पोल खोलती है।

### सरेआम बह रहा है कीमती लिक्विड

लापरवाही सिर्फ पाइप न हटाने तक सीमित नहीं है। वार्डों में भर्ती मरीजों को जो जीवनरक्षक दवाइयां और ग्लूकोज की बोतलें चढ़ाई जा रही हैं, उनकी सही से मॉनिटरिंग भी नहीं हो रही है। एक मामलों सामने आया है जिसमें देखा गया कि मरीज को चढ़ रही बोतल से लिक्विड सुई के रास्ते शरीर में जाने के बजाय बाहर जमीन पर गिर रहा है। परिजनों का आरोप है कि बार-बार बुलाने के बाद भी ड्यूटी पर तैनात नर्स या वार्ड बॉय बेड तक नहीं पहुंचते। गरीब मरीज, जो बड़ी उम्मीद लेकर सरकारी अस्पताल आते हैं, उनके साथ प्रशासन का यह रवैया बेहद शर्मनाक है।

# बाइक सवारों के कब्जे से ढाई लाख का गांजा बरामद



हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

पलसापाली बैरियर के पास बसना पुलिस ने बाइक सवारों के कब्जे से ढाई लाख रुपए का करीब पांच किलो गांजा बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि पलसापाली बेरियर में वाहन चेकिंग के दौरान मोटर सायकल पल्सर क्रमांक सीजी04एनजी5973 में सवार होकर दो व्यक्ति सवार आए जो पुलिस को देखकर भागने लगे। जिन्हें घेराबंदी कर पुलिस टीम ने पकड़ा। पूछताछ में बाइक चालक ने अपना नाम अक्षय पिता राजपाल सिंह (23 साल) चांदपुर नौवाबाद थाना बिजनौर जिला बिजनौर (उत्तर प्रदेश) व पीछे बैठे व्यक्ति ने अपना नाम गुलशन कुमार पिता राजवीर सिंह (22 साल) हबीबपुर थाना अरनीया जिला बुलंदशहर (उत्तर प्रदेश) का रहने वाला बताया। तलाशी लेने पर उनके से एक सफेद रंग के बोरी से 5.120 किग्रा गांजा कीमत 2,50,000 रुपए व बाइक बरामद किया गया। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा धारा 20(ख) नारकोटिक एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

# मुआवजे की आस में भटक रहे कुड़ेकेल और जमड़ी के किसान, आश्वासन के बाद भी हाथ खाली

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

जिले के बसना तहसील अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत कुड़ेकेल और जमड़ी के किसानों ने रबी फसल 2025 के मुआवजे को लेकर प्रशासन के खिलाफ गांव के किसानों ने अनदेखी करने का आरोप लगाया है। प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान का सर्वे होने और शासन से राशि जारी होने के बावजूद, इन दो गांवों के सैकड़ों किसान आज भी अपने हक के पैसे के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटने को मजबूर हैं। किसानों का आरोप है कि वर्ष 2025 में रबी सीजन के दौरान धान की फसल प्राकृतिक आपदा की भेंट चढ़ गई थी। शासन के निर्देश पर राजस्व विभाग ने सर्वे की प्रक्रिया पूरी की और मुआवजे की राशि भी जारी की गई। विडंबना यह है कि आसपास के सभी प्रभावित गांवों के किसानों के बैंक खातों में मुआवजा राशि पहुंच चुकी है, लेकिन कुड़ेकेल और जमड़ी के किसानों को अब तक फूटी कौड़ी भी नसीब नहीं हुई है। अपनी जायज मांगों को लेकर किसानों का एक प्रतिनिधिमंडल बीते 16 दिसंबर 2025 को अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बसना से मिला था। किसानों ने लिखित आवेदन सौंपकर अपनी पीड़ा व्यक्त की थी। उस समय अधिकारियों ने किसानों को आश्वस्त किया था कि तकनीकी प्रक्रियाएं पूरी कर जल्द से जल्द राशि उनके खातों में हस्तांतरित कर दी जाएगी। लेकिन एक माह से अधिक का समय बीत जाने के बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई है। खेती में भारी लागत लगाने के बाद फसल बर्बाद होने से किसान पहले ही आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं। सरपंच भरतलाल डड़सेना ने बताया कि गांव के किसान कर्ज के बोझ तले दबे हैं और मुआवजे की उम्मीद में बैठे हैं, लेकिन प्रशासन की लेट-लतीफी समझ से परे है। पीड़ित किसान शोभितराम लोहा, सुकूलराज पटेल और तेजसिंग पटेल का कहना है कि जब सर्वे हो चुका है और राशि आवंटित है, तो भुगतान में देरी क्यों की जा रही है। वहीं किसान गौतम डड़सेना और राजेंद्र निषाद ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही उनकी समस्याओं का निराकरण नहीं हुआ, तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। ग्रामीणों ने अब सीधे जिला कलेक्टर से हस्तक्षेप की मांग की है। किसानों का कहना है कि प्रशासन उनकी धैर्य की परीक्षा न लें।

# प्रतिबंधित लकड़ी तस्करी पर वन विभाग की बड़ी कार्रवाई, पिकअप वाहन जब्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पिथौरा (ग्रामीण)

क्षेत्र में लगातार लकड़ी तस्करी पर कार्रवाई करते हुए वन विभाग ने प्रतिबंधित प्रजाति की लकड़ी के बड़े बड़े लठ्ठे से लदे एक पिकअप वाहन को जब्त किया है। मुखबिर से मिली पुख्ता सूचना पर की गई इस कार्रवाई में दो लकड़ी तस्करों को मौके से पकड़ा गया। जबकि, जब्त वाहन से जामुन जैसी प्रतिबंधित प्रजाति की लकड़ी बरामद हुई है। मिली जानकारी अनुसार वन परिक्षेत्र अधिकारी सालिकराम डड़सेना के नेतृत्व में राष्ट्रीय राजमार्ग-53 पर मुड़ीपार चौक से पहले एक राइस मिल के पास पिकअप वाहन से परिवहन करते पकड़ा गया। जांच में वाहन से जामुन एवं नीलगिरी लकड़ी के बड़े बड़े लठ्ठे बरामद की गई। रेंजर सालिकराम डड़सेना ने बताया कि जामुन प्रतिबंधित प्रजाति की लकड़ी है। इस मामले में वन विभाग द्वारा प्रकरण क्रमांक 14325/17, दिनांक 21/01/26 दर्ज किया गया है।

कार्रवाई के दौरान दो आरोपियों को पकड़ा गया, जिनमें ग्राम सुखीपाली निवासी संजय बिसाल पिता आशाराम बिसाल तथा पिकअप वाहन चालक कामदेव पिता मंशाराम पाड़े शामिल हैं। जब्त किया गया पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 04 पीए 5770 है। पूछताछ में आरोपियों ने वन विभाग को बताया कि जामुन लकड़ी पिथौरा विकासखंड के ग्राम भातकुंदा के खेतों से लाई गई है, जो राजस्व विभाग के अंतर्गत आता है। इस आधार पर यह जांच की जा रही है कि लकड़ी वन भूमि की है या राजस्व भूमि की। जांच पूरी होने के बाद संबंधित विभाग द्वारा आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल, वन विभाग ने पिकअप वाहन सहित लकड़ी को जब्त कर लिया है और मामले की विस्तृत जांच जारी है।



इस संबंध में एसडीएम पिथौरा बजरंग सिंह वर्मा का कहना है कि यदि लकड़ी राजस्व विभाग की पाई जाती है, तो वन विभाग से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। पेड़ो के कटाई पर भी कार्रवाई होगी।

## सीआईएसएफ, सीआरपीएफ, बीएसएफ के पद पर चयनित

# एसएससीजीडी के नतीजे में 7 का चयन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

जिला प्रशासन महासमुंद द्वारा विनय कुमार लंगेह कलेक्टर के मार्गदर्शन एवं रवि साहू अपर कलेक्टर व नोडल अधिकारी, विजय कुमार लहरे जिला शिक्षा अधिकारी के दिशा निर्देश में संचालित नवकिरण अकादमी व जिला ग्रंथालय का संचालन युवाओं को प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए नियमित रूप से संचालित है।

डी बसंत साव जिला समन्वयक नवकिरण अकादमी व जिला ग्रंथालय ने बताया कि एसएससीजीडी 2025 के फाइनल नतीजे घोषित हुए हैं, जिसमें नवकिरण अकादमी व जिला ग्रंथालय के 07 अभ्यर्थियों का चयन एसएससीजीडी में सीआईएसएफ, सीआरपीएफ, बीएसएफ के पद पर हुआ है। जिसमें चयनित अभ्यर्थी उमेश खूंटे, डोमन साहू, खेमराज सोनी, नंदलाल ध्रुव, तोरण ध्रुव, लीलाधर महानंद, सितेंद्र कुमार सिन्हा शामिल है। नवकिरण अकादमी व जिला ग्रंथालय से अब तक प्रतियोगी परीक्षा के माध्यम से विभिन्न पदों पर चयनित अभ्यर्थियों की कुल संख्या 134 है। यह शहर के लिए भी गौरव का विषय है। इस उपलब्धि के लिए विनय कुमार लंगेह कलेक्टर व अध्यक्ष नवकिरण अकादमी प्रबंधन व संचालन समिति, हेमंत रमेश नंदनवार सीईओ जिला पंचायत, व उपाध्यक्ष नवकिरण समिति, रवि साहू अपर कलेक्टर व नोडल अधिकारी नवकिरण अकादमी, विजय कुमार लहरे जिला शिक्षा अधिकारी व सदस्य सचिव नवकिरण, प्रमोद कुमार कन्नौजे सहायक जिला परियोजना अधिकारी, डी. बसंत साव जिला समन्वयक नवकिरण अकादमी व जिला ग्रंथालय, मनोज पुरी गोस्वामी, नवकिरण अकादमी के विषय विशेषज्ञ चंद्रशेखर साहू, हरिशंकर पटेल, सौरभ जैन,राजदीप साहू, देवेंद्र निषाद, ग्रंथपाल यश चक्रधारी, भागवत प्रसाद पटेल, विवेक चंद्राकर, परस कमार, रीतेश नायक, सौरभ सोनवानी, टकेश साहू आदि ने हर्ष जताया है।



# अवैध धान भंडारण पर हुई कार्रवाई

## 330 कट्टा धान जब्त एवं 21 एकड़ रकबा का कराया गया समर्पण



हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार जिले में अवैध धान परिवहन एवं भंडारण पर संयुक्त टीम द्वारा सतत निगरानी करते हुए कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में दो प्रकरणों में 330 कट्टा अवैध धान जब्त एवं एक कृषक से 21 एकड़ रकबे का समर्पण कराया गया। जिसमें बागबाहरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम खिराडेरा में अवैध धान के संग्रहण की सूचना प्राप्त होने पर मंडी अमले द्वारा मौके पर कार्रवाई करते हुए 250 कट्टा धान जब्त किया गया। संबंधित प्रकरण में मंडी अधिनियम के तहत विधि सम्मत कार्रवाई की गई। वहीं तहसील बसना अंतर्गत ग्राम अंकोरी में अवैध धान परिवहन करते 80 कट्टा धान जब्त कर मंडी अधिनियम के तहत कार्रवाई किया गया। इसी तरह पिथौरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम भुरकोनी (बिराजपाली) में बृजलाल साव के निवास पर धान के संबंध में सत्यापन किया गया। जांच में पाया गया कि किसान का कुल पंजीकृत रकबा 39 एकड़ है, जिसमें से 21 एकड़ रकबे में धान फसल नहीं पाई गई। इस पर किसान द्वारा 21 एकड़ रकबा समर्पण करने के लिए सहमति दी गई। जिला प्रशासन ने निर्देशित किया है कि अवैध धान संग्रहण एवं परिवहन में अनियमितताओं पर आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

**खबर संक्षेप**



### पिथौरा में स्व-सहायता समूह की महिलाओं को मुर्गी पालन का दिया गया प्रशिक्षण

**महासमुंद।** पिथौरा विकासखंड अंतर्गत पशुपालन विभाग द्वारा ग्राम बगारपाली में स्व-सहायता समूह की महिलाओं के लिए मुर्गियों के वैज्ञानिक पालन विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में मुर्गियों के रख-रखाव, टीकाकरण, कृमिनाशक, स्वच्छता तथा संतुलित आहार से संबंधित जानकारियां दीं गईं। ये मुर्गियां ज्यादा से ज्यादा अंडा देती है, जिससे ज्यादा लाभ अर्जित किया जा सकता है। कार्यक्रम में जनपद सदस्य नारायण ध्रुव, सरपंच केआर ठाकुर शामिल हुए। कार्यक्रम में विशेषज्ञ पशु चिकित्सक डॉ. मनोज शुक्ला ने महिलाओं को वैज्ञानिक पद्धति से मुर्गी पालन कर कम लागत में नियमित आय अर्जित करने के उपाय बताए। उन्होंने बीमारियों से बचाव और पोषण प्रबंधन पर विशेष जोर दिया। इस अवसर पर उप संचालक, पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ. अंजना नायडू ने उपस्थित समूह सदस्यों को शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि स्व-सहायता समूह की महिलाओं को अंडा देने वाली मुर्गी पालन के लिए अनुदान एवं तकनीकी सहयोग प्रदान किया जाएगा।

### दिलीप साहू का निधन

**महासमुंद।** नगर के रायपुर रोड



निवासी दिलीप साहू का आकस्मिक निधन बुधवार को हो गया। इनका अंतिम संस्कार 22 जनवरी को दोपहर 2 बजे स्थानीय मुक्तिधाम भलेसर रोड में होगा। वे युवराज साहू के पिता थे।

## निरीक्षण : भौतिक सत्यापन के दौरान कम पाया गया 650 कट्टा धान

# एसडीएम ने किया जगदीशपुर धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बसना

जिले के कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार लगातार धान खरीदी केंद्रों का भौतिक सत्यापन एवं राईस मिलर्स में भंडारण को लेकर जांच कर कार्रवाई की जा रही है।

बता दें कि जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित शाखा पिरदा अंतर्गत प्राथमिक कृषि सहकारी समिति जगदीशपुर पंजीयन क्रमांक 880 का अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पिथौरा के नेतृत्व में भौतिक सत्यापन किया गया। जिसमें धान खरीदी के स्टाक के अनुसार 35316 कट्टा धान बताया गया। किन्तु, धान के स्टेग को गिनती करने पर 34766 कट्टा धान पाया गया। निरीक्षण के दौरान धान उपार्जन केंद्र जगदीशपुर में 650 कट्टा धान कम पाया गया। एसडीएम पिथौरा ने बताया कि धान कमी पाया गया, जिसका प्रतिवेदन तैयार कर जिला कलेक्टर को भेजा जाएगा। कलेक्टर के आदेशानुसार जगदीशपुर खरीदी केंद्र प्रभारी के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।



उल्लेखनीय है कि विगत दिनों तहसीलदार पिथौरा द्वारा जगदीशपुर धान खरीदी केंद्र का भौतिक सत्यापन किया गया था। जिसमें लगभग 1000 कट्टा धान की कमी पाई गई थी। धान खरीदी केंद्र प्रभारी कुशाग्र प्रधान ने बताया कि धान की बोरी इधर उधर फैले होने के कारण सही तरीके से जांच नहीं होना बताया गया।

धान खरीदी केंद्र प्रभारी अपने आपको सही साबित करने के लिए अधिकारियों की जांच को संदेह की नजरों से देख रहा था। आखिरकार सच सामने आया और जगदीशपुर धान खरीदी केंद्र में 650 कट्टा धान की कमी पाई गई। अब देखना यह है कि 650 कट्टा धान गबन के मामले में धान खरीदी केंद्र प्रभारी के विरुद्ध शासन प्रशासन के द्वारा क्या कार्रवाई की जाएगी।

## धान उपार्जन केंद्र केना में भौतिक सत्यापन से अधिक मात्रा में धान एवं बारदाना की कमी पाई गई

**महासमुंद।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत धान उपार्जन केंद्र केना में अनियमितता के मामले पर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सरायपाली के आदेशानुसार गठित संयुक्त जांच टीम द्वारा 18 जनवरी 2026 को केंद्र का भौतिक सत्यापन किया गया। जिसमें भारी मात्रा में धान एवं बारदाना की कमी पाई गई। जांच प्रतिवेदन के अनुसार ऑनलाइन रिपोर्ट में जहां 29,628 नग बारदाना (11,851.20 क्विंटल धान) दर्ज था, वहीं भौतिक सत्यापन में मात्र 25,615 नग बारदाना (10,246 क्विंटल) धान पाया गया। इस प्रकार 4,013 नग बारदाना (1,605.20 क्विंटल) धान की कमी सामने आई। कमी की अनुमानित राशि 49,76,120 रुपए है। उक्त कृत्य को देखते हुए कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार धान उपार्जन केंद्र केना के प्रभारी अधिकारी गोपाल नायक के विरूद्ध एफआईआर दर्ज किया गया है।

जांच प्रतिवेदन में बताया गया है कि धान उपार्जन में प्रयुक्त नए एवं पुराने बारदाने में भी अनियमितता पाई गई। जांच में 2007 नग नया बारदाना (कीमत 15,654.60 रुपये) एवं 2006 नग पुराना बारदाना (कीमत 50,150 रुपए) का उपयोग अनियमित रूप से पाया गया। इस प्रकार कुल मिलाकर शासन को 50,41,924.60 रुपए की क्षति होना जांच में सामने आया है। संयुक्त जांच टीम द्वारा मौके पर रखे धान के स्टेकों का रेंडम तौल भी किया गया, जिसमें बोरी का वजन मानक से कम पाया गया। जांच प्रतिवेदन से सहमत होते हुए कलेक्टर को अनुशासनात्मक एवं दंडात्मक कार्रवाई की अनुशंसा भेजी गई। तत्पश्चात कार्यालय उपायुक्त सहकारिता एवं उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं, जिला महासमुंद के आदेश के आधार पर शाखा प्रबंधक, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित रायपुर, शाखा तोरेसिंहा द्वारा थाना प्रभारी, थाना सरायपाली को लिखित आवेदन प्रस्तुत कर धान उपार्जन केंद्र केना के प्रभारी गोपाल नायक निवासी ग्राम इच्छापुर के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज किया गया है।



### छग पेंशनधारी कल्याण संघ की हुई मासिक बैठक

**बसना।** पेंशन धारी कल्याण संघ तहसील शाखा बसना की मासिक बैठक 21 जनवरी 2026 को पेंशन भवन में हुई। बैठक में नए सदस्य रमेश कुमार साहू, श्यामूल निषाद का अंग वस्त्र एवं श्रीफल से स्वागत किया गया। 80 वर्ष पूर्ण करने पर गौवर्धन विशी का स्वागत किया गया। सुग्रीव, हेमराज पटेल, गणेश राम जगत, वृन्दावन सतपथी, मनाराम यदु का जन्मदिन मनाया गया। पीएनबी शाखा प्रबंधक द्वारा पेंशनरों की समस्याओं का समाधान कर उन्हें हर प्रकार की सुविधा देने का आश्वासन दिया गया। अंत में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस मनाने का निर्णय लिया गया। दिवगंत स्व. मायाराम टण्डन एवं गण्डेश्वर प्रधान को श्रद्धांजलि दी गई। बैठक का संचालन आरवी प्रधान ने किया।

## स्पाइनल कॉर्ड इंजुरी से पीड़ित शिव कुमार टांडेकर ने हिम्मत नहीं हारी

### अपनी कमजोरी को ताकत बनाकर व्हीलचेयर रग्बी टीम में राष्ट्रीय स्तर पर बनाई जगह

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले के ग्राम नयापारा भलेसर के रहने वाले 33 वर्षीय शिव कुमार टांडेकर वर्ष 2016 में एक गंभीर सड़क दुर्घटना का शिकार हुए, जिसके कारण उन्हें स्पाइनल कॉर्ड इंजरी हुई और उनकी 80 प्रतिशत दिव्यांगता प्रमाणित हुई। इस दुर्घटना ने उनके जीवन की दिशा ही बदल दी। उन्होंने अपनी कमेजारी को ताकत बनाकर दृढ़ विश्वास के साथ व्हीलचेयर रग्बी खेलना प्रारम्भ किया। उनकी रूचि और प्रदर्शन को देखते हुए व्हीलचेयर रग्बी टीम में राष्ट्रीय स्तर पर उनका चयन हुआ। अब वे राष्ट्रीय टीम में चयन के लिए मेहनत कर रहे है। इस मुकाम तक पहुंचने में समाज कल्याण विभाग की हौसला आफजाई और मदद ने उन्हें इस स्तर तक पहुंचाया।

शिव कुमार ने बताया कि दुर्घटना पश्चात चलने-फिरने में असमर्थता, रोजगार का अभाव और रोजमर्रा के आवागमन में कठिनाइयों के कारण वे शारीरिक और मानसिक रूप से अत्यधिक थक चुके थे। रोजगार न होने से परिवार के पालन-पोषण, जीवन-यापन और बच्चों की पढ़ाई में लगातार कठिनाइयां आ रही थीं। इस दौरान उनकी स्थिति की जानकारी



समाज कल्याण विभाग को हुई। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए विभाग और जिला प्रशासन द्वारा त्वरित संवेदनशील पहल करते हुए विभागीय योजनाओं के अंतर्गत शिव कुमार टांडेकर को मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल उपलब्ध कराई। साथ ही 50 हजार रुपए का ऋण स्वीकृत कराकर उन्हें स्वरोजगार हेतु आर्थिक सहायता प्रदान की गई। इस सहयोग से शिव कुमार टांडेकर ने खिलौनों का व्यवसाय प्रारंभ किया। वे मेलों में जाकर खिलौने बेचने लगे तथा वर्तमान में महासमुंद आईटीआई रोड स्थित गुरु घासीदास उद्यान के पास प्रतिदिन अपनी मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल पर खिलौनों की दुकान लगाते हैं। इस स्वरोजगार से उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है। अब वे अपने परिवार का सम्मानजनक ढंग से पालन-पोषण कर पा रहे हैं और बच्चों की पढ़ाई में भी पहले जैसी परेशानियां नहीं रही हैं। आर्थिक आत्मनिर्भरता के साथ-साथ शिव कुमार टांडेकर ने खेल के क्षेत्र में भी नई पहचान बनाई है। वर्ष 2025 में उनका चयन व्हीलचेयर रग्बी टीम में राष्ट्रीय स्तर के लिए हुआ है, साथ ही वे अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता की तैयारी भी कर रहे हैं। शिव कुमार टांडेकर ने अपने जीवन में आए इस सकारात्मक परिवर्तन के लिए समाज कल्याण विभाग का हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया है।

## नवीन महाविद्यालय चिरको के राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में नशामुक्ति पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शासकीय नवीन महाविद्यालय चिरको द्वारा ग्राम बनपचरी में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) शिविर के छठवें दिन बौद्धिक कार्यक्रम के अंतर्गत नशामुक्ति कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में भारत सिंह साहू एवं नरेश साहू जिला युवा प्रकोष्ठ गायत्री परिवार उपस्थित रहे।



कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ किया गया। अपने उद्बोधन में भारत सिंह साहू ने नशामुक्त भारत अभियान पर प्रकाश डालते हुए युवाओं से नशे से दूर रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि देश को स्वस्थ, शालीन, स्वावलंबी एवं सेवाभावी युवाओं की आवश्यकता है, जो राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभा सकें। नशे की गिरफ्त में आने से आज युवाओं की दिशा और दशा दोनों प्रभावित हो रही हैं। अतः श्रेष्ठ चिंतन और सकारात्मक जीवन मूल्यों को अपनाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने गुटखा की वास्तविकता पर जानकारी देते हुए बताया कि इसमें अत्यंत हानिकारक पदार्थ मिलाए जाते हैं, जिससे व्यक्ति इसकी लत का शिकार हो जाता है। साथ ही तंबाकू एवं धूम्रपान के दुष्परिणामों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि धूम्रपान करने वाला व्यक्ति केवल लगभग 15 प्रतिशत धुआं स्वयं ग्रहण करता है, जबकि शेष 85 प्रतिशत धुआं वातावरण में फैलता है, जिससे आसपास के सामान्य लोग भी कैंसर जैसी घातक बीमारियों के शिकार हो जाते हैं। शराब, कॉफी, कोल्ड ड्रिंक, अफीम आदि विभिन्न नशीले पदार्थों से होने वाले दुष्परिणामों को उन्होंने पावर प्रेजेंटेशन के माध्यम से रोचक एवं तथ्यात्मक ढंग से प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम में उपस्थित सभी शिविरार्थियों एवं शासकीय हाईस्कूल चिरको के विद्यार्थियों को नरेश साहू द्वारा नशे से दूर रहने तथा नशामुक्त समाज के निर्माण का संकल्प दिलाई गई। इसके पश्चात नशे पर आधारित एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म का प्रदर्शन किया गया तथा सत्संकल्प पाठ का वाचन कराया गया। अंत में प्रश्नोत्तरी के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी मनहरण ठाकुर, लता भोई, व्याख्याता पूर्णिमा मानिकपुरी एवं समस्त स्टाफ, ग्राम सरपंच सोनी, ताम्रध्वज साहू, नरेश साहू सहित ग्रामवासी एवं शिविरार्थी उपस्थित रहे।

## धान खरीदी कार्य में लापरवाही पर नोडल अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी

### अधिकारी के विरुद्ध एस्मा के प्रावधानों के तहत कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले में धान खरीदी कार्य में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर प्रशासन ने सख्ती शुरू कर दी है। कलेक्टर महासमुंद के निर्देशानुसार, जिला स्तरीय नोडल अधिकारी उमेश कुमार को उनके कर्तव्यों के निर्वहन में लापरवाही बरतने के कारण नोटिस जारी कर 24 घंटे के भीतर जवाब मांगा गया है। उमेश कुमार को धान उपार्जन केंद्र बडेडाभा, गढपुलझर एवं हाडापथरा का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया था। शासन के स्पष्ट निर्देश थे कि प्रत्येक शनिवार और रविवार को केंद्रों का भौतिक सत्यापन कर उसकी जानकारी पीवी एप में दर्ज की जाए। हालांकि, समीक्षा के दौरान पाया गया कि अधिकारी ने 17 और 18 जनवरी को केंद्रों का सत्यापन नहीं किया। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ शासन ने धान खरीदी कार्य को आवश्यक सेवा मानते हुए इसमें लगे कर्मचारियों पर एस्मा एक्ट 1979 लागू किया है। नोडल अधिकारी द्वारा निर्देशों की अवहेलना को शासकीय कार्यों के प्रति घोर लापरवाही और स्वेच्छाचारिता माना गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यदि 24 घंटे के भीतर संतोषजनक जवाब प्राप्त नहीं होता है, तो संबंधित अधिकारी के विरुद्ध एस्मा के प्रावधानों के तहत कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## एशिया कप में छात्राओं ने जीता गोल्ड मेडल



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बम्हनी विकासखंड महासमुंद की छात्राओं फमेश्वरी सिन्हा एवं मुस्कान साहू द्वारा मुम्बई में आयोजित कराते एशिया कप में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए विभिन्न देशों से आए खिलाड़ियों से मुकाबला करते हुए एशिया कप जीत कर गोल्ड मेडल प्राप्त कर न केवल अपना अपितु विद्यालय व जिले का नाम रोशन कर गौरवान्वित किया। इस अवसर पर शाला के प्राचार्य चमनलाल चंद्राकर ने दोनों छात्राओं के प्रदर्शन पर हर्ष एवं प्रशिक्षक नीलकंठ साहू की प्रशंसा की। सभी छात्र-छात्राओं को आत्मरक्षा (कराते) के जीवन में महत्व के बारे में बताया और आगामी प्रशिक्षण में अधिक सक्रियता से भाग लेने के लिए प्रेरित किया। प्रशिक्षक नीलकंठ साहू ने बताया कि दोनों छात्राओं ने मुंबई एशिया कप, वाराणसी एवं कोलकाता में भी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में विभिन्न देशों के प्रतिभागियों के बीच उत्कृष्ठ प्रदर्शन करते हुए यह सफलता एवं गोल्ड मेडल प्राप्त किया। कार्यक्रम में संस्था के प्राचार्य चमनलाल चंद्राकर के साथ सरपंच बम्हनी रूपा घनश्याम ध्रुव, संस्था के व्याख्यातागण वंदना शुक्ला, दिनेश्वरी ध्रुव, सविता गायकवाड़, आशा कोसरिया, मीनाक्षी पांडेय, कुंती पटेल, मधुलिका यादव, अनिता जांगड़े, रितेश जोशी, नोमेंद्र दास वैष्णव, व्यायाम शिक्षक नीलम कुमार सिन्हा, सहायक शिक्षक डेनिस चंद्राकर, राजकुमारी श्रेय, भृत्य अभिजीत सिंह ध्रुव के साथ शाला विकास समिति के सदस्यगण उपस्थित रहे। यह जानकारी संस्था रितेश जोशी ने दी है।

# बनपचरी में संकुल स्तरीय वार्षिक शालेय खेल प्रतियोगिता का आयोजन, बच्चों ने विभिन्न खेलों में उत्साहपूर्वक लिया भाग, विजेताओं को किया गया पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

संकुल बनपचरी आश्रित शालाओं के बच्चों का संकुल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन चिरको में संकुल प्राचार्य कुमार लाल साहू के निर्देशन तथा योगेश्वर साहू प्रधानपाठक और समन्वयक महेंद्र ध्रुव के मार्गदर्शन में किया गया। इस प्रतियोगिता में संकुल के 6 प्राथमिक और 2 उच्च प्राथमिक शाला के बच्चों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ क्षेत्र के जनपद सदस्य व सभापति रोशन पटेल, खेमराज भट्ट सरपंच चिरको, उषा अर्जुन सोनी सरपंच बनपचरी, मंशा राम सिन्हा सरपंच प्रतिनिधि तोरला, महाविद्यालय चिरको की प्राचार्य दीवान मैडम की उपस्थिति में किया गया।

खेल प्रतियोगिता में प्राथमिक शाला बालक वर्ग खो-खो में प्राथ शाला चिरको प्रथम व प्राथ शाला सलिहाभांठा द्वितीय, बरेकेल तृतीय स्थान पर रहे।

कबड्डी में प्राथ शाला बनपचरी प्रथम, प्राथ शाला चिरको द्वितीय, बरेकेल तृतीय स्थान पर रहे। एकल में दौड़ 100 मी हितेश दर्रीपाली प्रथम, ओजेश चिरको द्वितीय, प्रीत सलिहाभांठा तृतीय, बोरा दौड़ में बादल बरेकेल प्रथम, गुलशन चिरको द्वितीय, रेसकुमार तेंदूवाही तृतीय, जलेबी दौड़ में देव बरेकेल, एसकुमार तेन्दुवाही, वामदेव चिरको, लंबीकूद में मुकेश सलिहाभांठा, प्रीत सलिहाभांठा, रेसकुमार तेंदूवाही, कुर्सी दौड़ में हिमांशु बरेकेल, मनीष चिरको, अरुण बरेकेल, ऊंची कूद में ओजेश चिरको, गणेश बनपचरी, मुकेश सलिहाभांठा क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। वहीं प्राथमिक शाला बालिका वर्ग में खो-खो में बरेकेल, सलिहाभांठा, चिरको, कबड्डी में चिरको, सलिहाभांठा, बरेकेल क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पर रहे। एकल में दौड़ 100मी. में टेसकुमारी बनपचरी, डोमेश्वरी, धारणी चिरको, बोरा दौड़ में पूजा बरेकेल, अंशु बनपचरी, होमेश्वरी दर्रीपाली, जलेबी दौड़ में पाखी दर्रीपाली, डिंपल सलिहाभांठा, प्रियंका सलिहाभांठा, कुर्सी दौड़ में रेशमी सलिहाभांठा, तानिया बरेकेल, विनीता चिरको, लंबी कूद में दामनी सलिहाभांठा, होमेश्वरी दर्रीपाली,



तानिया बरेकेल, ऊंची कूद में दामनी सलिहाभांठा, टेसकुमारी बनपचरी, होमेश्वरी दर्रीपाली क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पर रहे। फुगड़ी में किसी भी बच्चे को रुकते न देखकर युक्ति बरेकेल, भूमिका बनपचरी, गीता तेंदूवाही तीनों को प्रथम घोषित किया गया। उच्च प्राथमिक शाला स्तर पर बालक वर्ग कबड्डी में चिरको, बनपचरी, खो खो में चिरको, बनपचरी, दौड़ 200मी. - ईसु चिरको, कौशल बनपचरी, ऊंची कूद में लोमन चिरको, कौशल बनपचरी, लंबी कूद में लोमन चिरको, कौशल बनपचरी, स्लो सायकल रेस में सेवक बनपचरी, जितेश चिरको बालिका वर्ग खो खो और कबड्डी में चिरको, बनपचरी, दौड़ 200 मी. गरिमा बनपचरी, तुलसी चिरको, ऊंची कूद में अंजू, तुलसी चिरको, लंबी कूद में तुलसी चिरको, गरिमा बनपचरी, स्लो सायकल रेस में डगेश्वरी, दुलेश्वरी दोनों चिरको क्रमशः प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त किए। सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्राथमिक शाला चिरको, सलिहाभांठा, बरेकेल प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। वहीं उच्च प्राथमिक स्तर में बनपचरी प्रथम व चिरको द्वितीय रहे।

आयोजन में शिक्षाविद जवाहर साहू और प्रबंधन समिति चिरको का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम व मंच संचालन शिक्षक जितेंद्र साहू व योगेश निर्मलकर ने किया। खेल प्रतियोगिता के निर्णायक महेंद्र ध्रुव, तिलक साहू, उमेश्वरी पटेल, प्रेमचंद लोधी, राजू कुर्रे, यतेंद्र देवांगन रहे।

इस अवसर पर जनपद पंचायत सभापति रोशन पटेल, चिरको सरपंच खेमराज भट्ट, उपसरपंच दुष्यंत ध्रुव, हरिराम पटेल, जनपद सदस्य धनेश गायकवाड़, बनपचरी सरपंच उषा अर्जुन सोनी, चिरको प्रबंधन समिति से दामोदर राजपूत, विनायक राव मोरे, खेमिन साहू, केंवरा साहू, हेमिन साहू, उषा साहू, दिव्या पटेल, मुकेश साहू, मनी यादव तोरला ढाबा संचालक, सलिहाभांठा प्रबंधन समिति से पिरीत राम साहू, तिलक साहू, पंचराम ध्रुव, दयालु राम ध्रुव, भोजराम साहू, उमेंद्र दीवान, दुलेश्वरी साहू, बरेकेल से मोहन सेन उपस्थित रहे। संकुल के शिक्षकों देवकुमार खूंटे, रामेश्वर बंजारे, निमेष दीवान, निशा गजभिए, रामेश्वर ढीढी, पूर्णिमा साहू, जायसी वर्मा, नोहर ध्रुव, अंजू ध्रुव, अशोक निषाद, मनोज कुलदीप, कल्याण पटेल, परमानंद चक्रधारी, राजेश्वरी साहू, वंदना शुक्ला का विशेष योगदान रहा।




## खबर संक्षेप

### एमकेबाहरा में श्रीमद भगवत गीता कल से

**महासमुंद।** बागबाहरा ग्राम मरारकसहीबाहरा (खल्लारी) में सप्त दिवसीय श्रीमद् भगवत गीता ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। 23 जनवरी शुक्रवार को मंगल कलश यात्रा के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय कटनी (मप्र) की वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका एवं प्रख्यात आध्यात्मिक कथा वाचक राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी भारती की मुखारवृंद से श्रीमद भागवत कथा का दिव्य प्रवचन 24 से 30 जनवरी 2026 तक प्रतिदिन दोपहर 02 से 05 बजे तक होगा। वहीं प्रतिदिन प्रातः 05 बजे से ध्यान योग के साथ साथ स्वस्थ्य शरीर के लिए म्यूजिकल एक्सरसाइज का भी आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के मार्गदर्शक ब्रह्माकुमारी गायत्री बहन, गीता पाठ शाला संचालक ब्रह्माकुमार गणेश भाई, आयोजक समिति के वरिष्ठ सदस्य वस्तुलाल पटेल, भागवत राम साहू, रामानंद चंद्राकर, प्रकाश पटेल, ग्राम प्रमुख कमल साहू, सरपंच संगीता गुणनिधि पटेल ने क्षेत्र के समस्त जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किए है। जिनकी व्यापक तैयारियों में ग्रामवासी सामूहिक रूप से लगे हुए है।

### राममंदिर में दीप अवश्य जलाएं

**महासमुंद।** आज 22 जनवरी 2026 को अयोध्या राम मंदिर में रामलला प्राण प्रतिष्ठा की तीसरी वर्षगांठ के मौके पर दीप जलाने की अपील की गई है। संवेदना समूह खरोरा के मुकेश चंद्राकर ने कहा कि भारत देश में लाखों भक्त दर्शन और उत्सव में शामिल होने के लिए अयोध्या पहुंच रहे हैं। हालांकि, रामलला प्राण प्रतिष्ठा की दूसरी वर्षगांठ 2025 में तिथि अनुसार 31 दिसंबर 2025 को मनाई गई थी, क्योंकि, वह हिंदू कैलेंडर के अनुसार प्रतिष्ठा द्वादशी' थी, लेकिन तीसरी वर्षगांठ 22 जनवरी 2026 को ही मनाई जाएगी। उन्होंने ग्राम खरोरा में घरों में और राममंदिर खरोरा में दीप जलाने की अपील की है।

### बेमचा में निःशुल्क सरस्वती सायकल का वितरण

**महासमुंद।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेमचा में सायकल वितरण कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि जनपद सदस्य संगीता राहुल चंद्राकर, शाला विकास समिति के अध्यक्ष लखनु राम निर्मलकर, विधायक प्रतिनिधि रविकांत चंद्राकर, उपसरपंच सुनीता कहार, वरिष्ठ नागरिक भगत राम साहू, हीरालाल साहू, सेवती यादव, राम दयाल साहू, लीलाधर साहू प्रधान पाठक एवं प्राचार्य एसएल पाटकर रहे। यह कार्यक्रम प्रभारी व्याख्याता गंगा बंजारे, विजयलक्ष्मी शर्मा प्रधान पाठक, खेमिन साहू एवं पालकों की उपस्थिति में हुआ। इस अवसर पर हायर सेकेंडरी स्कूल स्टाफ से पीके ध्रुव, वायएस बलिहार, नवीन चन्द्राकर, किरण पटेल, तारिणी कहार, महेश्वरी साहू, कुन्ती दीवान, गंगा बंजारे, जुगनी गुंबर, अमृता कौर, आराधना साहू, संगीता चंद्राकर, डॉ सेवन दास मानिकपुरी, रश्मि चंद्राकर, सुमन भारती कोशरे, विनोद वर्मा, मनीष साहू, शकुंतला सोनी, रुक्मणि साहू, सुषमा सागर, जागेश्वरी गोस्वामी, आकांक्षा पात्रे आदि मौजूद रहे।

# साहू समाज द्वारा प्री-वेडिंग शूट पर प्रतिबंध लगाए जाने के निर्णय का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सदस्य सरला कोसरिया ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि महिला आयोग में पहले भी ऐसे अनेक मामलों पर सुनवाई हो चुकी है। बाकी समाजों को भी प्री-वेडिंग शूट पर रोक लगानी चाहिए। छत्तीसगढ़ में साहू समाज द्वारा प्री-वेडिंग शूट और फिजूलखर्ची पर प्रदेश साहू संघ की बैठक के दौरान रोक लगाए जाने के फैसले का स्वागत करते हुए छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सदस्य सरला कोसरिया ने कहा कि प्री-वेडिंग शूट एक कुरीति है, जिससे समाज में लगातार रिश्ते टूट रहे हैं।



सरला कोसरिया ने राज्य महिला आयोग में की गई धमतरी जिले के एक प्रकरण का जिक्र किया, जो साहू समाज की ही एक आवेदिका से संबंधित था। उक्त प्रकरण में तिथि तय होने के बाद विवाह निरस्त हो गया था, जिसके संबंध में आवेदिका द्वारा महिला आयोग में आवेदन प्रस्तुत किया गया था। सुनवाई के दौरान यह तथ्य सामने आया कि आवेदिका और अनावेदक का प्री-वेडिंग शूट हुआ था, परंतु जिस दिन बारात जानी थी, उस दिन अनावेदक ने शादी करने से इनकार कर दिया। महिला आयोग ने निर्देश दिया कि अनावेदक, आवेदिका को शादी में हुए खर्च की राशि वापस करे तथा प्री-वेडिंग शूट की फोटो और वीडियो डिलीट करें। जिस पर कार्रवाई की गई और आवेदिका की संतुष्टि के उपरांत प्रकरण का निराकरण किया गया। महिला आयोग की सदस्य सरला कोसरिया ने आगे कहा कि उन्हें जब-जब मौका मिलता है, वे इस विषय पर अपनी बात रखती हैं। क्योंकि, हमारे समाज में भारतीय संस्कृति को छोड़ कर पश्चिमी संस्कृति हावी होती जा रही है, जिससे हमारी संस्कृति दिन-ब-दिन बिगड़ती जा रही है। उन्होंने साहू समाज का धन्यवाद और प्री वेडिंग शूट पर प्रतिबंध जैसे महत्त्वपूर्ण निर्णय की सराहना करते हुए कहा कि उनके द्वारा हमारी संस्कृति को बचाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। साथ ही उन्होंने आशा व्यक्त की कि अन्य समाज भी प्री-वेडिंग शूट पर रोक लगाने का शीघ्र निर्णय लेंगे, ताकि हमारी बेटियां स्वयं को सुरक्षित महसूस कर सकें।



### गड़बेड़ा में हुई एसएमसी बैठक

**पिथौरा (ग्रामीण)।** विकासखंड अंतर्गत शासकीय प्राथमिक विद्यालय गड़बेड़ा में विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति अध्यक्ष गौरव चंद्राकर ने की, जबकि बैठक का संचालन विद्यालय के प्रधान पाठक एवं एसएमसी सचिव नरेंद्र दीवान द्वारा किया गया। बैठक में प्रधान पाठक ने समिति सदस्यों एवं अभिभावकों को विद्यालय की शैक्षणिक एवं प्रशासनिक गतिविधियों की जानकारी दी। इस दौरान विद्यालय के शैक्षणिक कार्यों, छात्र-छात्राओं की उपस्थिति, स्वच्छता व्यवस्था, मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता, शिक्षण कार्य की नियमितता तथा विद्यालय की भौतिक सुविधाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही आगामी 26 जनवरी गणतंत्र दिवस समारोह के आयोजन को लेकर भी आवश्यक विचार-विमर्श किया गया। बैठक में प्रमुख रूप से प्रबंध समिति अध्यक्ष गौरव चंद्राकर, सरपंच बूंदाबाई नायक, उपसरपंच मोहित यादव, सरपंच प्रतिनिधि लोकनाथ नायक, प्रबंध समिति सदस्य लाल राम नाग, जानकी ध्रुव, प्रधान पाठक नरेंद्र दीवान, शिक्षिकाएं ललिता मारकंडे एवं मीना पटेल सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा 1 को

## व्यापम द्वारा परीक्षार्थियों के लिए आवश्यक दिशा निर्देश जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा का आयोजन रविवार 01 फरवरी 2026 को दो पालियों में किया जाएगा। प्रथम पाली में परीक्षा प्रातः 9:30 बजे से दोपहर 12:15 बजे तक आयोजित होगा। जिसमें 10 निर्धारित परीक्षा केंद्रों में 2524 परीक्षार्थी शामिल होंगे। इसी तरह द्वितीय पाली में परीक्षा दोपहर 03 बजे से शाम 05:45 बजे तक आयोजित होगा। जिसमें निर्धारित 17 परीक्षा केंद्रों में 4428 परीक्षार्थी शामिल होंगे।

व्यापम द्वारा जारी दिशा निर्देशों का पालन करते हुए परीक्षार्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने से कम से कम दो घंटे पहले परीक्षा केंद्रों में पहुंचने की सलाह दी गई है। ताकि, फ्रिस्किंग तथा फोटो युक्त मूल पहचान पत्र से सत्यापन की प्रक्रिया पूर्ण की जा सके। परीक्षा प्रारंभ होने के 30 मिनट पूर्व परीक्षा केंद्र का मुख्य द्वार बंद कर दिया जाएगा। चूंकि परीक्षा दो पालियों में आयोजित है, प्रथम पाली में प्रातः 09:30 बजे से शुरू होगी, इसलिए प्रवेश द्वार सुबह 09 बजे एवं द्वितीय पाली में दोपहर 03 बजे से परीक्षा प्रारम्भ होगी, इसलिए प्रवेश द्वार दोपहर 02:30 बजे बंद कर दिया जाएगा। इसके बाद किसी भी अभ्यर्थी को प्रवेश नहीं मिलेगा। अभ्यर्थियों को हल्के रंग के आधी बाँह वाले कपड़े पहनकर आने के निर्देश दिए हैं। काले, गहरे नीले, गहरे हरे, जामुनी, मैरून, बैगनी तथा गहरे चॉकलेटी रंग के कपड़े पूरी तरह वर्जित होंगे। सामान्य बिना पॉकेट स्वेटर की अनुमति है, जिसे सुरक्षा जांच के दौरान उतारकर दिखाना आवश्यक होगा। ऐसे अभ्यर्थियों को सामान्य समय से पहले रिपोर्ट करने कहा गया है। अतिरिक्त सुरक्षा जांच के उपरांत ही उन्हें परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति होगी।

अभ्यर्थी परीक्षा केंद्र में केवल चप्पल पहनकर आएं। कान में किसी भी प्रकार के आभूषण पहनना वर्जित है। सुरक्षा जांच के दौरान कोई छूट नहीं दी जाएगी। परीक्षा कक्ष में मोबाइल फोन, संचार उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक गैजेट, इलेक्ट्रॉनिक घड़ी, पर्स, पाउच, स्कार्फ, बेल्ट, टोपी आदि ले जाना प्रतिबंधित है। किसी भी प्रकार की नकल या अनुचित साधनों का प्रयोग करने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी तथा उसकी अभ्यर्थिता समाप्त कर दी जाएगी। परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र में केवल काले या नीले रंग के बॉल प्वाइंट पेन लाने की अनुमति होगी।

# अविरल सितली-निर्मल सितली अभियान ने पकड़ी गति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



स्वाध्याय केंद्र समिति महासमुंद द्वारा जल संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जन-जागरुकता फैलाने के लिए संचालित अविरल सितली-निर्मल सितली अभियान लगातार गति पकड़ रहा है। इसी कड़ी में समिति के सचिव मोहन साहू ने आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए शहरवासियों से श्रमदान में जुटने की अपील की है।

बता दें कि अभियान में कार्य करने के लिए चेन माउंटेन मशीन सितली नाला आ चुका है। जिसके द्वारा पुलिया के नीचे का गंदा कचरा व मलबा हटाया गया और ग्राम खैरा के तरफ तट के मलबे को बाहर निकाल कर बराबर किया गया। ताकि, दोनों ओर लेवल बन सके। मोहन साहू ने कहा कि आगामी शुक्रवार, 23 जनवरी को शंभु साहू और भरत खत्री के नेतृत्व में महासमुंद गोल बाजार के व्यापारी और सदस्य सुबह 7:30 से 8:30 बजे तक श्रमदान करेंगे। इस दौरान सितली नाला क्षेत्र की सफाई और जल स्त्रोतों के संरक्षण को लेकर कार्य किए जाएंगे। अभियान के विस्तार को देखते हुए रविवार 25 जनवरी को भी श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इसमें शहर के प्रबुद्ध वर्ग और व्यवसायियों का सहयोग मिलेगा। रविवार सुबह बार एसोसिएशन (अधिवक्ता संघ), शिक्षक संघ और राइस मिलर एसोसिएशन के सदस्य संयुक्त रूप से अभियान का हिस्सा बनेंगे और अपना श्रमदान करेंगे।

समिति के सदस्यों का कहना है कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सितली नाला को पुनर्जीवित करना तथा उन्हें गंदगी से मुक्त रखना है। अविरल सितली-निर्मल सितली अभियान अब केवल एक अभियान न रहकर जन-आंदोलन का रूप लेता जा रहा है। इसमें युवाओं से लेकर बुजुर्गों तक का उत्साह देखते ही बन रहा है। सचिव मोहन साहू ने बताया कि श्रमदान के माध्यम से न केवल स्वच्छता सुनिश्चित हो रही है, बल्कि लोगों में जल की महत्ता को लेकर एक नई चेतना भी जागृत हो रही है। उन्होंने क्षेत्र के समस्त नागरिकों, सामाजिक संगठनों और स्वयंसेवी संस्थाओं से इस पुनीत कार्य में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का आह्वान किया है।

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत पूर्ण साक्षर बनाने और उल्लास मेला को लेकर की गई चर्चा

**महासमुंद।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत संचालक एवं सदस्य सचिव राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण के आदेशानुसार और विनय कुमार लंगेह कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण के निर्देशानुसार एवं कमल नारायण चंद्राकर जिला परियोजना अधिकारी जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण के मार्गदर्शन में उल्लास मेला और मार्च परीक्षा में पूर्ण साक्षरता के लक्ष्य को प्राप्त करने विकासखंड साक्षरता मिशन प्राधिकारण महासमुंद द्वारा समस्त संकुल समन्वयकों का बैठक बीआरसीसी कार्यालय महासमुंद में आयोजित की गई।

बैठक में एबीईओ एवं विकासखंड साक्षरता मिशन के बीपीओ तारिका कुंजाम ने आगामी 26 जनवरी को उल्लास मेला के आयोजन पर कैसे आयोजित करना है इसमें नवसाक्षर, असाक्षर और जनसमुदाय सहित स्वयंसेवी शिक्षकों की भूमिका क्या होंगी और कैसे इस मेला को आयोजित करना है पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। पश्चात जागेश्वर सिन्हा बीआरसीसी ने बताया कि इस मेला को 26 जनवरी के दिन क्यों ही आयोजित करने के पीछे उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के उद्देश्य से परिचित कराना है। साथ ही साक्षरता हर एक व्यक्ति के लिए क्यों आवश्यकता को समझ बनाने के लिए हो रहा है। सर्वे प्रपत्र को प्रपत्र 1 को किस प्रकार संधारित करना है पर बात रखते हुई समझ बनाया गया। इसके अलावा उल्लास मेले में स्टाल कैसे लगाना है, उसमें कौन कौन सी गतिविधि आसाक्षरों से करना है पर विस्तार से जानकारी दी गई।

बैठक में ईश्वर चंद्राकर नोडल अधिकारी ने उल्लास सर्वे प्रपत्र की जानकारी देते हुए प्रपत्र एक से पांच तक का संधारण कैसे करना है और उसके जारी कौन और कैसे करेंगे पर बात हुई। प्रपत्र 1 में उल्लास केंद्र के अनुसार कुल असाक्षर को संकलित करना, प्रपत्र 2 में असाक्षर को स्वयंसेवी शिक्षक से बैचिंग मैचिंग करना, प्रपत्र 3 में वर्ग और जेंडर अनुसार असाक्षरों की संख्या को संधारित करना प्रारूप 4 में ग्राम पंचायत के सभी आश्रित ग्राम पूर्ण होने की स्थिति में पूर्ण साक्षर ग्राम का पंचायत का प्रमाण पत्र जारी करना और प्रपत्र 5 असाक्षर की संख्या की जानकारी भेजना के संधारण के बारे में जानकारी दी गई।

बैठक में अनिल ढीढी, आशीष कुमार साहू, नीरज साहू, सतीश तिवारी, सुरेश कुमार पटेल, धरम पटेल, जोगिंदर गिलहरे, मनीष चंद्राकर, मनोज साहू, पवन साहू, ईश्वर कमार, ललित किशोर बया, डोंगर सिंह टंडन, अशोक साहू, लक्ष्मीनाथ सकरिया, देवानंद पटेल, रशीद कुरैशी, शाहिद खान, फनेंद्र बंजारे, कौशल किशोर सिन्हा, बेदराम गिलहरे, घनश्यान दीवान, निर्वाण दास, राजू कुमार देवांगन, खेमराज चौधरी, ए चंद्रशेखर डोरा, मानिक राम साहू, पीतांबर राव पाठक, सुरेश कुमार साहू, टाकेश्वर साहू, गणेश राम टंडन आदि मौजूद रहे।

# धान खरीदी केंद्र जलकी व अचानकपुर का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पूर्व कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने महासमुंद विधानसभा क्षेत्र के धान खरीदी केंद्र जलकी और अचानकपुर में निरक्षण किया। इस दौरान किसानों से हो रही समस्या से अवगत हुई। खरीदी केंद्रों में मौजूद किसानों ने डॉ रश्मि चंद्राकर को बताया कि यदि समय पर धान की खरीदी नहीं हुई तो उन्हें गंभीर आर्थिक संकट का सामना करना पड़ेगा।

डॉ रश्मि चंद्राकर ने सरकार से मांग करते हुए कहा कि जिस किसान का अब तक टोकन नहीं कटा है और जिस किसान का रकबा अब तक नहीं जुड़ा है और पंजीयन संबंधी दिक्कतों के धान नहीं बेच पाए हैं, ऐसे किसानों का तारीख बढ़ाकर कर या तो धान की खरीदी तत्काल की जाए या फिर किसानों का कर्ज माफ किया जाए। आगे डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा कि किसानों की समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाना चाहिए। विधानसभा चुनाव के दौरान मोदी की गारंटी का



दावा करने वाली भाजपा सरकार किसानों को उनकी उपज का वाजिब दाम और सम्मान देने में विफल रही है। उन्होंने कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि धान का कटोरा कहे जाने वाले छत्तीसगढ़ में किसान अपनी फसल बेचने के लिए भटकने को मजबूर हैं। डॉ रश्मि चंद्राकर ने कोरबा और बागबाहरा जैसे क्षेत्रों में किसानों के आत्महत्या के लिए मजबूर होने का हवाला देते हुए भाजपा सरकार के व्यवस्था पर सवाल खड़े किए। उन्होंने आरोप लगाया कि 3100 रुपए प्रति क्विंटल और 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदी के वादे जमीनी स्तर पर पूरे नहीं हो रहे हैं। टोकन व्यवस्था, टोकन तुंहर हाथ ऐप और बायोमेट्रिक सर्वर की समस्याओं के कारण किसान हताश है। किसान हताशा में घातक कदम उठाने को विवश हो रहे हैं। उन्होंने आत्महत्या का प्रयास करने वाले किसानों को तत्काल आर्थिक सहायता देने, खरीदी की समयसीमा एक माह बढ़ाने और ऑफलाइन टोकन देने की मांग की है। सरकार किसानों के घरों की तलाशी करवा रही है। टोकन कटाने से पहले किसानों से आवेदन लिया जा रहा है और कृषि विस्तार अधिकारी पोर्टल में देखकर किसान के घर में धान की उपलब्धता का प्रमाण पत्र देंगे। इसके बाद ही टोकन काटा जाएगा। इसी तरह जिन किसानों के टोकन कट चुके हैं, उनके घरों का भी एक दिन पहले जांच अधिकारी द्वारा सत्यापन किया जाएगा, तभी धान की बिक्री हो पाएगी।

# मड़ई मेला छत्तीसगढ़ की ग्रामीण परंपरा का अभिन्न हिस्साः अमर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



ग्राम लहंगर में 20 जनवरी को मड़ई मेला का आयोजन समस्त ग्रामीणों द्वारा किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि जिला पंचायत के पूर्व सभापति अमर अरुण चंद्राकर शामिल हुए। उन्होंने भगवान राधा कृष्ण की पूजा कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अमर ने कहा कि मड़ई मेला ग्रामीण अंचल की पहचान होती है। यह हमारे छत्तीसगढ़ के समृद्ध परंपरा का अभिन्न हिस्सा है। पहले लोग फसल कटाई के बाद मड़ई मेला त्योहार मनाने अपने रिश्तेदार, परिजनों को आमंत्रित कर एक साथ खुशियां मनाते थे। यह परंपरा धीरे धीरे विलुप्त हो रहा है। इस परंपरा को अब पुनः सहेजने की जरूरत है। ताकि, हमारी परंपरा, संस्कृति जीवंत बनी रहे। उन्होंने सभी को मड़ई मेला की शुभकामनाएं दी। अध्यक्षता जनपद सदस्य सृष्टि ध्रुव ने की। विशेष अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू थे। इस अवसर पर सरपंच पोषण यादव, उपसरपंच रजनी केशव सिन्हा, सचिव चिंताराम निषाद, हरिकीर्तन ध्रुव, राधेलाल सिन्हा, गौतम राम ध्रुव, ग्राम प्रमुख पंच राम ध्रुव, हंसकुमार ध्रुव, पुरुषोत्तम ध्रुव सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# पेंशन भवन में प्रति मंगलवार हनुमान चालीसा एवं भारत माता की आरती जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ जिला शाखा महासमुंद द्वारा पेंशन भवन में मंगलवार की संध्या 6 बजे हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया जा रहा है। इसी क्रम में पिछले दो मंगलवार से बौद्धिक चर्चा प्रारंभ की गयी। जिसमें पिछले मंगलवार को मकर संक्रांति के ऊपर चिंतामणि चंद्राकर द्वारा सुंदर ढंग से प्रस्तुतीकरण किया गया। जिससे सभी सदस्यों को इस विषय पर ज्ञानवर्धक बातों की जानकारी हुई। इसी कड़ी में मंगलवार 20 जनवरी 2026 को हनुमान चालीसा पाठ तथा हनुमान एवं भारत माता की आरती पश्चात बौद्धिक चर्चा प्रारंभ हुई। बसंत पंचमी विषय पर बौद्धिक चर्चा में भाग लेते हुए संघ के उपाध्यक्ष रघुनाथ सिन्हा ने बहुत सुंदर ढंग से बसंत पंचमी पर्व मनाने के कारण, धार्मिक एवं वैज्ञानिक महत्व के बारे में बताया। बौद्धिक चर्चा के प्रेरणास्त्रोत उमेश भारती गोस्वामी प्रधान पाठक खरोरा को बताया। चर्चा उपरांत प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर में डा अशोक गिरि गोस्वामी जिलाध्यक्ष, मनराखन ध्रुव कोषाध्यक्ष, रघुनाथ सिन्हा, चिंतामणि चंद्राकर, सतीश कुमार पांडेय, गजानन चंद्राकर, बसंत चंद्राकर, चमन चंद्राकर, बंसी चंद्राकर, एसीएल कुशवाहा, भानु प्रसाद सूर्यवंशी, नीलकंठ साहू, भाव सिंह नेताम, मन्नू लाल साहू उपस्थित रहे। उक्त जानकारी बलराम ध्रुव कार्यालय सचिव ने दी है।



## खबर संक्षेप



### सरस्वती पूजन कल

**महासमुंद।** बसंत पंचमी पर 23 जनवरी को स्थानीय आश्रम रोड मार्ग पर स्थित ब्राह्मण समाज के भवन में सुबह 9:30 बजे सरस्वती पूजन किया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए समाज के अध्यक्ष प्रमोद तिवारी ने सभी विप्रजनों से उपस्थिति का अनुरोध किया है।

### अछरीडीह में मड़ाई मेला 27 को

**बिरकोनी।** ग्राम अछरीडीह में 27 जनवरी मंगलवार को बाजार चौक में मड़ई मेला का आयोजन रखा गया है। प्रातः 11 बजे यादव समाज द्वारा मड़ाई स्थल व घर के आंगन में राउत नृत्य किया जाएगा। दोपहर 3 बजे ग्राम के जनप्रतिनिधि मड़ई मेला का आयोजन करेंगे। वही रात्रि 10 बजे ग्राम चिखली मानपुर चौकी के मां के ममता छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी। आयोजक समिति ने सभी ग्रामीणों को उपस्थित होने की अपील की हैं। उक्त जानकारी उपसरपंच आकाश निषाद ने दी।



### बेटी की शिक्षा पर विशेष ध्यान दें: तुषार

**महासमुंद।** ग्राम केरियाडीह में निषाद समाज द्वारा आयोजित गुहा जयंती शोभायात्रा में भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अशवंत तुषार साहू शामिल हुए। तुषार साहू ने कहा कि समाज को संगठित करने, संस्कृति और परंपराओं को बढ़ावा देने का एक माध्यम है। आगे कहा कि निषादराज महाराज ने हमें समाज के लिए त्याग करने की सीख दी। हम एकजुट होकर देश की तरक्की के लिए कार्य करें। उन्होंने निषाद समाज के लोगों से अपील की कि वह बेटी की शिक्षा पर विशेष ध्यान दें। कार्यक्रम में सरपंच पवन साहू, तोरण निषाद, रति निषाद, हरिशंकर निषाद, शोभा निषाद, काशी निषाद, अत्यधिक संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### सारथी समाज के उदय अध्यक्ष व कैलाश सचिव निर्वाचित

**सरायपाली।** विकासखंड के ग्राम आकाशखार के सामाजिक भवन में आयोजित एक सामाजिक बैठक में सरायपाली घासी घसिया सारथी समाज के पदाधिकारियों के चयन के लिए एक आवश्यक बैठक रखी गई। जिसमें सर्वसम्मति से उदय सारथी को अध्यक्ष व कैलाश मोगरे को सचिव निर्वाचित किया गया।

### निधन

#### झड़ीराम निषाद



**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी निवासी झड़ीराम निषाद (74) का देहांत 13 जनवरी को हो गया। अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। अंत्येष्टि यात्रा में ग्रामीण सहित सामाजिकजन शामिल हुए। वे सुरुजबाई निषाद के पति व दीनबंधु निषाद, मनहरण निषाद के पिता व विक्की निषाद, दीपक निषाद, डुमेश्वर निषाद के दादा थे।

### चर्चा : विश्व हिंदू परिषद का तीन दिवसीय प्रांत बैठक हुई, बैठक में जुटे प्रदेशभर कार्यकर्ता

# विहिप का एक ही लक्ष्य हिंदुत्व की स्थापना

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद





विश्व हिंदू परिषद की तीन दिवसीय प्रांत बैठक हुई। बैठक का उद्घाटन सत्र 17 जनवरी को सुबह 10 बजे अतिथियों द्वारा भारत माता एवं श्रीराम जानकी की छायाचित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्ज्वलन, ब्रह्मनंद, विजय महामंत्र एवं शंख की ध्वनि से अंबेडकर मांगलिक भवन खैरा चौक बागबाहरा रोड में प्रारंभ हुआ।

उद्घाटन सत्र के कार्यक्रम में प्रमुख रूप से दुर्गा वाहिनी के राष्ट्रीय संयोजिका प्रज्ञा दीदी, केंद्रीय मंत्री एवं केंद्रीय सत्संग प्रमुख बसंत रथ, क्षेत्रीय संगठन मंत्री राजेंद्र जितेंद्र पवार, प्रांत की मातृ शक्ति उपाध्यक्ष प्रमलता बिसेन, प्रांत के धर्माचार्य संपर्क प्रमुख राकेश आचार्य, प्रांत उपाध्यक्ष शिशुपाल राजपूत, प्रांत उपाध्यक्ष सरल मोदी एवं प्रांत मंत्री पूर्णेंद्र सिन्हा, सहप्रांत मंत्री नंदू साहू प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। प्रथम सत्र में क्षेत्रीय संगठन मंत्री जितेंद्र पवार ने इस वर्ष महाभारत कालीन जंबू दीप, हस्तिनापुर शहर में हुए विश्व हिंदू परिषद की राष्ट्रीय बैठक में आए प्रस्ताव एवं संगठन में हुई बदलाव का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि हमारे संगठन का लक्ष्य भारत में हिंदुत्व का स्थापना कर पूरे विश्व में हिंदुत्व की स्थापना करना है। क्योंकि, केवल हम सनातनी हिंदू ही है जो कि विश्व की जय हो, प्राणियों में सद्भावना हो का नारा लगते हैं। उन्होंने भारत में अल्पसंख्यक समुदाय का दर्जा प्राप्त कर कुछ विशेष सुविधाएं एवं अधिकार दीए गए हैं। किंतु, कुछ समुदाय उनका दुरुपयोग कर कुछ मेडिकल एवं इंजीनियरिंग आदि उच्च शिक्षण संस्थानों में अलगाववाद की ओर बढ़ते हुए आतंकवादी एवं देशद्रोही गतिविधियों का प्रशिक्षण दे रहे हैं। इसका ज्वलंत उदाहरण गाजियाबाद का अल फलाह विश्वविद्यालय है, जो कि चिंता का विषय है। जबकि, भारत की संविधान निर्माता का मूल मान्यता एक जन एक राष्ट्र है। उन्होंने आगे मंदिर को जो हम दान करते हैं, उसे पर मंदिर का अधिकार हो किसी भी मंदिर से हिंदुओं की दान राशि सरकार की खजाने में न जाए ऐसा प्रस्ताव सरकार को संगठन के माध्यम से दिया गया है।ये भी उन्होंने बताया।

उद्बोधन में राकेश आचार्य ने सभी कार्यकर्ताओं को विश्व हिंदू परिषद के कार्य पद्धति एवं आचार्य पद्धति को ज्ञात कर उसे पद्धति के अनुसार कार्य करने और इस पद्धति के अनुसार चलने के लिए आग्रह किया। द्वितीय सत्र में दुर्गा वाहिनी के राष्ट्रीय संयोजिका प्रज्ञा दीदी ने नशामुक्ति पर कहा कि सरकार अधिक राजस्व वसूली के कारण शराब बंद नहीं कर सकता। परंतु, रोड एक्सीडेंट एवं परिवार के अंदर नशे के कारण परिवार विघटन, पारिवारिक कलह एवं परिवार के सदस्य एक रोगी बन जाते हैं। आज 10 प्रतिशत बच्चे एवं 28 प्रतिशत महिलाएं नशे की गिरफ्त में हैं, जिसका वीडियो अंग्रेजी नववर्ष में देख सकते हैं, जो कि बहुत ही चिंता का विषय है। उन्होंने दुर्गा वाहिनी एवं बजरंग दल द्वारा मिलकर नशा मुक्ति अभियान पूरे देश में जो चलाया जा रहा है उसे और तेज करने पर जोर दिया। तृतीय सत्र में बसंत रथ ने नैतिक शिक्षा विषय पर चर्चा करते हुए नैतिक शिक्षा हेतु बच्चों के लिए संस्कार शाला खोलने एवं शैक्षणिक संस्थानों में बच्चों को नैतिक शिक्षा की जानकारी के साथ नशा मुक्ति, गौ रक्षा, मठ मंदिर एवं सनातनी विषय पर बच्चों को शिक्षा देने के साथ नैतिक शिक्षा के परीक्षा लेने की बात रखी। चतुर्थ सत्र में प्रांत मंत्री पूर्णेंद्र सिन्हा ने सामाजिक समरसता, जिला लक्ष्य, प्रखंड एवं खंड सह समिति गठन एवं जिला पालक बनाने पर चर्चा की। प्रांत सहमंत्री नंदू साहू ने धर्म रक्षा निधि 1 फरवरी से 20 फरवरी तक करने के लिए मार्गदर्शन करते हुए जिले एवं विभाग सह धर्म रक्षा निधि का लक्ष्य निर्धारण करने, विभाग एवं जिले में प्रशिक्षण वर्ग लगाने एवं प्रांत स्तर पर प्रशिक्षण वर्ग लगाने की तिथि निर्धारण पर कार्यकर्ताओं से चर्चा कर तिथि निर्धारण किया गया।

18 जनवरी को प्रथम सत्र में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत कार्यवाह चंद्रशेखर देवांगन ने संघ के पांच परिवर्तन के विषय पर प्रकाश डाला। समापन सत्र में प्रांत अध्यक्ष संतोष गोलछा ने महासमुंद में प्राथमिक शाला परीक्षा कक्षा चौथी में आए भगवान राम की नाम का उपयोग अपशब्द के लिए करने पर चिंता जाहिर की और हिंदू समाज को ऐसे विधर्मियों से सावधान रहने की बात कही। कार्यक्रम के समापन सत्र में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत सह कार्यवाह घनश्याम सोनी मंच पर उपस्थित थे। अंत में प्रांत मंत्री पूर्णेंद्र सिन्हा ने छत्तीसगढ़ प्रांत, विभाग, जिला में कार्य करने के लिए कार्यकर्ताओं का नियोजन किया। जिसमें प्रमुख रूप से प्रांत सहमंत्री रवि ब्रह्मचारी, प्रांत मातृ शक्ति संयोजिका शशि बंछोर, सहसंयोजिका उमा गुप्ता, प्रांत समरसता प्रमुख अखिलेश लूनिया, सहसंयोजक बजरंग दल यशपाल साहू, विशेष संपर्क टोली सदस्य महेंद्र, प्रांत समरसता टोली सदस्य अभिषेक, प्रांत सेवा टोली सदस्य मनीष बुचारिया एवं विभिन्न विभाग एवं जिला समिति की सदस्यों की घोषणा की गई। आभार प्रदर्शन जिला अध्यक्ष हर्षवर्धन चंद्राकर ने किया।

# नागरिकों से संवाद कर नपाध्यक्ष ने सुनी समस्याएं

## नपाध्यक्ष ने समस्याओं के समाधान का दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने पालिका दफ्तर में नयापारा क्षेत्र के नागरिकों से भेंट मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। साहू ने एक-एक कर सभी से संवाद कर समस्याओं के समाधान के लिए आश्वस्त किया। अध्यक्ष कक्ष में नागरिकों ने जलजमाव, साफ-सफाई, सड़क मरम्मत, स्ट्रीट लाइट, नाली निर्माण, कूड़ा प्रबंधन और पेयजल सहित वृद्धा पेंशन, आवास योजना, राशन कार्ड जैसी समस्याओं को उठाया। साहू ने सभी विषयों को गंभीरता से सुना। उन्होंने प्रत्येक समस्या को प्राथमिकता के आधार पर हल करने का आश्वासन दिया। अध्यक्ष ने कहा कि जनप्रतिनिधि का पहला कर्तव्य जनता की बात सुनना और उस पर शीघ्र कार्य करना है। उन्होंने मौके पर ही नगर पालिका के विभागीय अधिकारी और संबंधित विभाग प्रभारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समस्याओं की त्वरित जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाए। विशेष रूप से जिन क्षेत्रों में सफाई, पेयजल संबंधी समस्या हैं, वहां तकनीकी निरीक्षण कर स्थायी समाधान की कार्य योजना बनाने को कहा। साहू ने स्पष्ट किया कि जनहित के हर मुद्दे पर पारदर्शिता और तत्परता उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि वे समय-समय पर आमजन से संवाद करते रहेंगे। इससे योजनाओं का लाभ हर नागरिक तक पहुंच सकेगा। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने अध्यक्ष की तत्परता और संवेदनशीलता की सराहना की। लोगों ने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में नगर पालिका क्षेत्र निरंतर प्रगति करेगा। यह संवाद प्रशासनिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण रहा। साथ ही यह जनप्रतिनिधि और नागरिकों के बीच विश्वास और संवाद की मजबूत नींव भी बन गया। इस दौरान प्रमुख रूप से सभापति जितेंद्र ध्रुव, पार्षद मुस्ताक खान, संजय चंद्राकर, पवन कुमार साहू, सुधा रात्रे मौजूद रहे।

### अखिल भारतीय बाघ गणना को लेकर प्रशिक्षण का आयोजन

**महासमुंद।** भारतीय वन्यजीव संस्थान देहरादून से पधारी ऋतु प्रजापति (वन्यजीव विशेषज्ञ) द्वारा अखिल भारतीय बाघ गणना–2026 (फेज-1) के प्रोटोकॉल संबंधी प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में एमस्ट्राइप्स इकोलाजिकल एप के माध्यम से बाघ गणना की संपूर्ण प्रक्रिया की जानकारी प्रदान की गई। जिसमें मांसाहारी एवं विशाल शाकाहारी वन्यजीवों के लिए चिन्ह सर्वेक्षण, शाकाहारी वन्यजीवों के लिए लाइन ट्रांजेक्ट सर्वे, वन्यजीव प्राकृतिक आवास सर्वेक्षण तथा वन क्षेत्रों में मानवीय गतिविधियों से संबंधित सूचनाओं के संकलन की विस्तृत जानकारी सम्मिलित थी। प्रशिक्षण थ्योरिटिकल एवं प्रैक्टिकल दोनों स्वरूपों में हुआ। इस अवसर पर संयुक्त वनमंडलाधिकारी, पिथौरा डिंपी बैस, उप वनमंडलाधिकारी महासमुंद गोविंद सिंह, समस्त परिक्षेत्र अधिकारी एवं क्षेत्रीय अमला उपस्थित रहे। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य अखिल भारतीय बाघ गणना–2026 के अंतर्गत वनमंडल महासमुंद से संबंधित सूचनाओं का सटीक, समग्र एवं वैज्ञानिक ढंग से संकलन सुनिश्चित करना है।

# नयापारा में काली प्रतिमा का किया गया विसर्जन



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिरकोनी

ग्राम नयापारा अछरीडीह में त्रिदिवसीय महाकाली यज्ञ की पूर्णाहुति रविवार को हुई। प्रातः10 बजे योगेश्वरी मानस परिवार ने मानसगान की प्रस्तुति हुई। सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ माता जागरण का आयोजन बाबा टोहल निषाद द्वारा किया गया। यज्ञ कार्यक्रम में पंडित खोमन शर्मा, पंडित राकेश शर्मा एवं पंडित मनीष शर्मा ने मुख्य यजमान टोहल बाबा एवं उनके परिवार के साथ उपस्थित सभी भक्तों ने यज्ञ में भाग लिया। विसर्जन शोभायात्रा दोपहर 3 बजे ग्राम के मुख्यमार्ग व बड़गांव के मुख्य मार्ग से निकाली गई।

# बिजली विभाग के अधिकारियों को बताई गई किसानों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अंकित बागबाहरा ने बताया कि ग्राम पंचायत चुरकी के जगत बेलदार नामक ट्रांसफार्मर 25 केवीए विगत लगभग दो माह से उड़ गया है, जिसकी जानकारी लगातार ग्रामीणों द्वारा खल्लारी जेई कार्यालय और बागबाहरा एई को दी गयी। परंतु, दो माह बीतने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई और रबी फसल का समय निकट आने से किसानों की समस्या लगातार बढ़ने लगी रही थी। जिसकी जानकारी उन्होंने अंकित बागबाहरा को दी। जिसके पश्चात आज वे किसानों संग महासमुंद बिजली विभाग के डीई से मिलने पहुंचे। जहां उनकी अनुपस्थिति में निर्मलकर से मिल डीई को जानकारी दी। निर्मलकर ने तत्काल एई से बात की, जिससे तत्काल कार्रवाई का आश्वासन मिला। अंकित ने कहा कि अगर किसानों की समस्या का समाधान तत्काल नही हुआ और किसान फसल लगाने में असफल रहा तो आगामी कदम की सम्पूर्ण जवाबदारी बिजली विभाग की होगी। इस अवसर पर अंकित बागबाहरा के साथ राजेश राजपूत, शांत साहू सरपंच, पुरुषोत्तम पटेल, नूप लाल साहू, ओमप्रकाश साहू, नारायण बेलदार, पोतराम सेन, बेदराम ध्रुव, पुरुषोत्तम ध्रुव, चोवा राम पटेल उपसरपंच, चंद्रहास दीवान आदि उपस्थित रहे।

# धुरी ध्रुवंशी समाज की क्षेत्रीय बैठक में समाज उत्थान पर किया गया मंथन

हरिभूमि न्यूज ⏭ झलप



धुरी (ध्रुवंशी) समाज महासमुंद क्षेत्रीय सम्मेलन वर्ष 2026 के अंतर्गत 20 जनवरी 2026 मंगलवार को ग्राम सराईपाली में समाज की एक महत्वपूर्ण क्षेत्रीय बैठक का आयोजन किया गया। इस ऐतिहासिक बैठक में समाज के पदाधिकारी, वरिष्ठजन, नारी शक्ति एवं युवा वर्ग की उल्लेखनीय सहभागिता देखने को मिली।

कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ किया गया। बैठक में समाज की एकता, संगठन को मजबूत करने, शिक्षा, सामाजिक समरसता एवं भावी योजनाओं पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। समाज के उत्थान और प्रगति के लिए सभी वर्गों ने एकजुट होकर आगे बढ़ने का संकल्प लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में द्वारिकाधीश यादव (विधायक, खल्लारी) एवं केशव नायक राम चंद्राकर (अध्यक्ष जनपद पंचायत बागबाहरा) उपस्थित रहे। वहीं विशेष अतिथि के रूप में तारेश्वरी पटेल, भूमिका साहू एवं गजानंद ठाकुर ने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई।

बैठक में समाज के विभिन्न पदाधिकारियों के साथ-साथ महिला प्रकोष्ठ की सक्रिय भूमिका भी सराहनीय रही। बड़ी संख्या में समाज की महिलाओं एवं युवाओं की सहभागिता ने यह संदेश दिया कि समाज का भविष्य सशक्त और जागरूक हाथों में है। कार्यक्रम के अंत में प्रमोद कुमार ध्रुवंशी ने समस्त आगंतुकों, पदाधिकारियों, वरिष्ठजनों, नारी शक्ति एवं युवा वर्ग के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह बैठक समाज के इतिहास में एक महत्वपूर्ण कड़ी है। उन्होंने भविष्य में भी इसी प्रकार समाज के प्रति समर्पण और सहभागिता बनाए रखने की कामना की।

### कार्यशाला में शिक्षकों के लिए विषयानुसार प्रतियोगिता भी हुई

# झलप संकुल में हुई एक दिवसीय टीएलएम कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ झलप



संकुल स्रोत केंद्र, समग्र शिक्षा झलप अंतर्गत आने वाली समस्त प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं के शिक्षकों की एक दिवसीय टीएलएम कार्यशाला एवं प्रतियोगिता बुधवार 21 जनवरी को संकुल केंद्र झलप में अत्यंत उत्साह और रचनात्मक वातावरण में हुई। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य कक्षा-कक्ष शिक्षण को बालकेंद्रित, रोचक एवं क्रियात्मक बनाना रहा।

कार्यक्रम के प्रारंभ में आयोजित संकुल बैठक में उल्लास नवसाक्षर कार्यक्रम के सर्वे संबंधी उच्च कार्यालय से प्राप्त निर्देशों से शिक्षकों को अवगत कराया गया। इसके साथ ही वीएसके एप्प पर नियमित उपस्थिति दर्ज करने, प्रत्येक कक्षा में विद्यार्थी विकास सूचकांक का अद्यतन एवं प्रदर्शन तथा छात्रवृत्ति और अपार आईडी निर्माण से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश संकुल समन्वयक सतीश तिवारी द्वारा दिए गए।

कार्यशाला के दौरान शिक्षकों ने विषयानुसार नवाचारी और कम लागत वाले टीएलएम तैयार किए। तैयार सामग्री में भाषा, गणित, पर्यावरण अध्ययन एवं व्याकरण से जुड़े चार्ट, मॉडल, गतिविधि चक्र, शब्द-वृक्ष, संकेतक चार्ट एवं अवधारणात्मक मॉडल प्रमुख रहे। प्रतियोगिता के उपरांत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले शिक्षक का चयन कर उनका नाम विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता हेतु भेजा जाएगा। कार्यशाला के दौरान यह स्पष्ट रूप से देखने को मिला कि शिक्षक केवल सामग्री निर्माण तक सीमित नहीं रहे, बल्कि उन्होंने बच्चों की आयु, रुचि और समझ स्तर को ध्यान में रखते हुए टीएलएम तैयार किए। रंगों, आकृतियों और सरल भाषा के प्रयोग से सामग्री आकर्षक एवं बाल-सुलभ बनी।

एक अन्य सकारात्मक पक्ष यह रहा कि शिक्षकों ने समूह में बैठकर सहयोगात्मक ढंग से कार्य किया, जिससे अनुभवों का आदान-प्रदान हुआ और नवाचार को बल मिला। तैयार टीएलएम से यह संदेश भी स्पष्ट हुआ कि सीमित संसाधनों में भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षण सामग्री तैयार की जा सकती है। कार्यशाला सह बैठक में तारा ध्रुव (प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक शाला झलप), पूर्णिमा साहू, प्रेमलता चंद्राकर, लीना चंद्राकर, चंद्रप्रभा कोसरे, प्रीति नामदेव, बबिता पाठक तथा शिक्षक लुकेश्वर ध्रुव, रामकुमार ठाकुर और भूषण कुमार साहू की सक्रिय सहभागिता रही।

